<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 01.12.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन एसआईआर समेत अन्य मुद्दों पर विपक्ष का जोरदार हंगामा, दोनों सदनों की कार्यवाही कल 11 बजे तक के लिए स्थगित।
- हजारीबाग में हुए वन भूमि घोटाला मामले में जेल में बंद आइएएस अधिकारी विनय चौबे की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, एसीबी कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित।
- पलामू में ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के नाम पर ठगी करने वाले सात साइबर अपराधी गिरफ्तार, जामताड़ा में भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब के साथ चार पकड़ाये।
- ठंड से निपटने के लिए राज्य सरकार की व्यापक तैयारी, सभी जिलों को आवंटित किये गये एक–एक करोड़ रुपये की राशि।
- रांची से रायपुर के लिए रवाना हुई भारत और साउथ अफ्रीका की टीम, भारतीय कोच ने बेहतरीन मेजबानी के लिए जेएससीए प्रबंधन को सराहा।

***************

संसद के शीतकालीन सत्र की आज हंगामेदार शुरुआत हुई। एसआईआर समेत कई अन्य मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। राज्यसभा में भी एसआईआर के मुद्दे पर गतिरोध देखा गया। हालांकि, हंगामे के बीच राज्यसभा की कार्यवाही जारी रही और शाम करीब पौने पांच बजे सभापति ने कार्यवाही स्थगित करने की घोषणा की। सरकार 19 दिसंबर तक चलने वाले इस शीतकालीन सत्र में एटॉमिक एनर्जी समेत कुल 10 नए विधेयक पेश कर सकती है।

***************

पांच दिसंबर से शुरु हो रहे झारखंड विधानसभा ते शीतकालीन सत्र को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। सत्र के दौरान सरकार अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश करेगी। वहीं विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि विधानसभा में विधि व्यवस्था समेत कई बुनियादी मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा जायेगा।

इधर, झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि सरकार सभी सवालों का माकूल जवाब देने के लिए तैयार है।

***************

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि किसी भी हाल में छात्रों को छात्रवृत्ति मिलने में देर नहीं होनी चाहिए। वे आज रांची में छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बोकारो, चतरा, गिरिडीह जिले में वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की धीमी गति पर जताई चिंता। उन्होंने तीनों जिलों के कल्याण पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया।

***************

गुमला जिला स्थित डूमरडीह में भारतीय जनता पार्टी का नवनिर्मित जिला कार्यालय का आज गृह प्रवेश किया गया। इस अवसर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण देश के हर जिले में जिला कार्यालय बनाया गया है । उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इसका ऑनलाइन माध्यम से औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

***************

हजारीबाग में हुए वन भूमि घोटाले के आरोप में जेल में बंद आइएएस अधिकारी विनय चौबे की जमानत याचिका पर हजारीबाग एसीबी की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी है।अदालत ने एसीबी के विशेष लोक अभियोजक और विनय चौबे के अधिवक्ता की बहस एवं दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

***************

पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में आनलाइन गेमिंग और सट्टे के माध्यम से ठगी करने वाले सात साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हुसैनाबाद एसडीपीओ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी इस कार्रवाई में अपराधियों के पास से लैपटॉप, टैबलेट और कई मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं।

***************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना अंतर्गत पांडेयडीह मोड़ के समीप वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 225 पेटी अवैध विदेशी नकली शराब एवं 78 गैलन स्पिरिट बरामद करने में सफलता पाई है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि इस मामले में तीन वाहनों को जब्त किया गया जबकि चार लोगों की गिरफ्तारी की गई है। एसपी ने बताया कि बरामद नकली शराब बिहार ले जायी जा रही थी।

***************

खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड के जीवरी गांव के प्रगतिशील किसान सोतो मानकी बदलाव की नई इबारत लिख रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रही हैं हमारी संवाददाता–

***************

विश्व एड्स दिवस पर आज राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस कड़ी में साहिबगंज कारा परिसर में एक मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कारा में कार्यरत सभी गृहरक्षकों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई और सभी को एड्स से सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर पुराना सदर अस्पताल के प्रांगण में भी एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

***************

राज्य में ठंड के बढ़ते प्रकोप और गिरते तापमान को लेकर आपदा विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गया है। स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि ठंड के मद्देनजर सभी जिलों के उपायुक्तों को 1–1 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। इस राशि से चौक–चौराहों में आलाव की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बताया कि गरीबों के बीच कंबल वितरण करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

***************

इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले कुछ दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। इसके बाद ठंड का असर बढ़ेगा और उत्तर पश्चिमी क्षेत्र से आने वाली पछुआ हवा के कारण कनकनी भी बढ़ जाएगी।

***************

भारत और साउथ अफ्रीका की टीम दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच के लिए आज रांची से रायपुर के लिए रवाना हो गयी। इस दौरान बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के बाहर अपने चहेते खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए भारी भीड़ देखी गयी। इस बीच भारतीय कोच गौतम गंभीर ने बेहतरीन मेजबानी के लिए जेएससीए प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जेएससीए स्टेडियम को और भी बड़े मैचों की मेजबानी का अवसर मिलेगा।

*******समाप्त********